## एक नजर में



### नेतराम बने कुशवाह समाज के अध्यक्ष

**शाढ़ौरा।** श्री लव-कुश युवा संगठन कुशवाह समाज की जिला बैठक गत दिवस शाढ़ौरा में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन का कार्यकाल पूरा होने पर सर्व सहमति से नेतराम कुशवाह को नवीन अध्यक्ष एवं हरिओम कुशवाह (पार्षद) को संगठन के संरक्षक बनाया गया। सभी समाज बंधुओ ने शुभकामनाएं दी एवं समाज को ऊंचाई पर पहुंचने एवं सामाजिक कार्य करने की बात कही। नेतराम कुशवाह ने बताया कि कार्यकारिणी की घोषणा भी बहुत जल्दी की जाएगी एवं आगामी कार्यक्रमो की योजना भी तैयार की जाएगी। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह जिला अध्यक्ष कुशवाह समाज जिला अशोकनगर, लव कुश युवा संगठन जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाह, रघुवीर सिंह कुशवाह, संजय कुशवाह, उत्तम कुशवाह, छोटू सहित अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बच्चों को स्कूल के प्रति किया जा रहा प्रोत्साहित

**चंदेरी।** सेवा समिति चंदेरी ( एनजीओ) के द्वारा क्षेत के आदिवासी बच्चों के लिए शिक्षा के प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक अनौपचारिक वार्ता में सेवा समिति के सदस्य असद खान ने बताया कि हमारी समिति के सभी सद्स्यों ने मिलकर चंदेरी के कोशक महल फतेहाबाद के सामने आदिवासी बस्ती में जाकर वहां के बच्चों को पुस्तक पेंसिल आदि शिक्षा का सामान वितरित किया। ओर उन बच्चों के माता पिता से बात की बच्चों को पढ़ाई के बारे में बताया। वहीं उन्हें आश्वासन दिया कि हमारी समिति द्वारा आपके बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। वहीं उन सभी को आश्वस्त कि हमारी समिति द्वारा जल्द से जल्द उनकी बस्ती में सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास शुरू की जाएगी और शासन द्वारा मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### नगर के विकास कार्यो ने पकड़ी रफ्तार

**शाढ़ौरा।** मौसम खुलते ही नगर परिषद् शाढ़ौरा के विकास कार्य तेजी पकड़ गये, बीच बीच मे अति बर्षा के कारण कार्य बंद थे कही सीसी रोड, सीडिया, गटर और स्ट्रीट लाइट जैसे कार्य नगर मे जारी है। नगर परिषद् अध्यक्ष अशोक माहोर ने बताया की बारिश के चक्कर मे कार्य धीरे-धीरे चल रहे थे, अब नगर के कार्य तेजी पकड़ गये है अब नगर की गलियों मे सीसी रोड निर्माण, गटर निर्माण, टेकरी सरकार मंदिर पर सीडियो के कार्य का निर्माण, स्ट्रीट लाइट कार्य इत्यादि का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नगर मे शेष रहे कार्यो को भी जल्द से जल्द प्रारम्भ कराया जायेगा।

### मेजर ध्यानचंद की विरोधी भी प्रशंसा करते थे : विष्ट

**चंदेरी।** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान कई शासकीय माधव महाविद्यालय चन्देरी में आयोजित किए गए। वहीं विगत दिवस आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सबल सिंह ओहरिया ने की। इस दौरान उन्होंने मेजर ध्यानचंद की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। वहीं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. संजीव राजपूत ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर कहा कि साल 2025 का राष्ट्रीय खेल कुछ खास है क्योंकि इस बार इसकी थीम एक घंटा खेल के मैदान में जिसका जरिया शांतिपूर्ण समाज की और है। वहीं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. पवन बिष्ट सहायक प्राध्यापक तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद (उप्र) ने गूगल मीट के माध्यम से लाइव होकर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि हॉकी स्टिक थामते तो गेंद खुद व खुद गेंद गोल पोस्ट की राह पकड़ लेती, उनके खेल में जादू था जो ना सिर्फ विरोधियों को खेल में चौकाती बल्कि पूरे भारत को एक नई पहचान देती। महाविद्यालय में कार्यक्रम तीन चरणों में किया गया मेजर ध्यानचंद को याद किया गया, खेल प्रतियोगिता, साईकिल रैली कराई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी संचिता राठौर ने किया आभार डॉ. कृष्णगोपाल भार्गव ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्रायें एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### डोल ग्यारस पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 हेतु जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। घोषित स्थानीय अवकाश के तहत 3 सितम्बर डोल ग्यारस पर संपूर्ण जिला अशोकनगर के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। लिये लागू नही रहेगा।

# शहर के 14 स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध दिया धरना

## स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर के 14 स्कूल बंद किए जाने और पुराने एक्सीलेंस स्कूल की जगह पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की नवीन बिल्डिंग के निर्माण की मांग को लेकर स्कूल बचाओं संघर्ष समिति के नेतृत्व में विद्यार्थीयों और उनके अभिभावकों द्वारा कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें शंकरपुर मगरदा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय को बंद कर दिया गया है उसे जल्द से जल्द यथावत शुरू किया जाने, शहर और ग्राम के 14 स्कूल जो बंद करने की सूची में है इन सभी को बंद करने पर तुरंत रोक लगाए जाने और पुराने एक्सीलेंस स्कूल (पानी की टंकी के सामने) की जगह पर कन्या उ.मा. विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण किए जाने एवं उस जगह पर नगरपालिका द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई। वहीं चेतावनी दी गई कि जल्द की मांगो पर निर्णय नहीं लिया गया तो उग्र



आंदोलन किया जावेगा। इस मौके पर अनुराग श्रीवास्तव, राखी, विक्की तामरे, पूजा केवट, दिलीप, शंभू लाल शर्मा, गुड्डी केवट, प्यारो बाई सहित कई छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के दौरान स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक देवेंद्र विजौरे ने बताया कि शिक्षा सभ्य समाज की रीढ़ होती है और अशोकनगर के सरकारी स्कूल इस शिक्षा के स्तंभ हैं। इन 14 विद्यालयों में लगभग 5 हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। लेकिन इन 14 विद्यालयों जिनमें शहर का एकमात्र गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल जिसमें लगभग 1200 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं व शा.मा.विद्यालय क्र.2 जिसकी छात्र संख्या हजार के लगभग है, शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, ग्राम भौराकाछी का हाईस्कूल सहित अन्य विद्यालयों को सीएम राइज़ स्कूल टोरिया में मर्ज कर बंद करने की प्रक्रिया प्रशासन कर रहा है जिसके तहत शंकरपुर मगरदा का प्राथमिक विद्यालय जिसकी छात्र संख्या 135 दर्ज है को बंद कर दिया गया है उसके बाद से अधिकतर बच्चे स्कूल ही नहीं गए। अभिभावकों और छात्रों ने स्कूल के सामने धरना देकर भी स्कूल को यथावत चालू करने की मांग को रखा था सभी गरीब, मजदूर परिवार से है वह बच्चों को अकेले इतनी दूर पढ़ने नहीं भेज सकते हैं। स्कूल बंद करने का मतलब है सरकार और प्रशासन बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहते हैं। वहीं शिक्षा के गारंटी कानून में शिक्षा की गारंटी देते हुए कहा गया था कि अगर बच्चा स्कूल तक नहीं जा पाएगा तो स्कूल को बच्चे तक लाया जाएगा। इसलिए 1 किमी पर प्राथमिक विद्यालय, 3 किमी पर माध्यमिक विद्यालय और 5 किमी पर हाईस्कूल खोले गए थे। लेकिन वर्तमान में सारे नियमों को ताक पर रखकर 6 किमी से अधिक दूरी के विद्यालयों को बंद करना कहा तक उचित है? यह नियमों के खिलाफ है।

**सभी विद्यालय शहर की धरोहर :**
प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि जिन स्कूलों को बदं किया जा रहा है, वह शहर की धरोहर है। यह सभी विद्यालय शहर की धरोहर है कई विद्यालयों के निर्माण हेतु शहर के शिक्षाप्रेमी लोगों ने जमीन एवं अन्य सहयोग देकर खड़ा किया। जिनमें महान कवि गिरिजा कुमार माथुर व कई शहर के समाजसेवी, शिक्षको ने पढ़ाई की हैं व शहर की कई लोगों की यादें इन स्कूलों से जुड़ी हुई है व लोगों का भावनात्मक रिश्ता भी इन स्कूलों से है। इसीलिए इन सभी विद्यालयों सुविधाएं देते हुए सुधार करने की जरूरत है न कि बंद करने की। साथ ही पुराने एक्सीलेंस स्कूल (पानी की टंकी के सामने) की जगह शा. कन्या उ. मा. विद्यालय के लिए प्रस्तावित है। वहां पर स्कूल बिल्डिंग का निर्माण होना है जो लंबे समय से लंबित है दो बार लागत राशि आने की बाद भी लेप्स हो चुकी है यह तो प्रशासन की घोर लापरवाही है। विद्यालय की उस जगह को नगरपालिका व्यवसाय हेतु उपयोग में ले रही है वहां पर कुछ निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। उसको तुरंत रोका जाना चाहिए और स्कूल बिल्डिंग निर्माण का कार्य शुरू किया जाना चाहिए। अपर कलेक्टर द्वारा जल्द ही सभी मांगों को लेकर ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# कन्या स्कूल की जगह पर नपा के निर्माण का विरोध

## अभाविप ने सौंपा ज्ञापन, कहा- उक्त स्थान पर जल्द हो कन्या स्कूल का निर्माण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कन्या स्कूल की जगह पर नगरपालिका द्वारा कराये जा रहे निर्माण के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन से पूर्व परिषद के सदस्य रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांगो से सबंधित ज्ञापन दिया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि यदि कन्या स्कूल की जगह पर जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जावेगा।

ज्ञापन के दौरान विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया कि पुराने एक्सीलेंस की स्कूल कन्या स्कूल के लिए



आवांटित की गई, लेकिन नगर पालिका द्वारा शहर विस्तार या विकास योजनाओं के तहत वहां पर ठेला जोन अथवा चौटाटी बनाई जा रहीं है, जो कि गलत है। चौपाटी के लिए नपा को अन्य जगह तलाश करना चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर तो केवल और केवल कन्या विद्यालय का ही निर्माण होना चाहिए। यह भी आश्चर्यजनक है कि एक ओर शासन-प्रशासन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देता है और दूसरी ओर कन्या विद्यालय हेतु आवंटित भूमि को अन्य कार्यों में उपयोग कर छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। विद्यार्थी परिषद का स्पष्ट कहना है कि कन्या शिक्षा के लिए आरक्षित भूमि पर तत्काल विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए और उसे शीघ्र स्थापित किया जाए। अन्यथा विद्यार्थी परिषद द्वारा दो से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ विशाल आंदोलन, धरना एवं प्रदर्शन किया जावेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य एवं छात्र मौजूद रहे।

# अधिकारी-कर्मचारियों के साथ दो सरंपचों को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस किये गए है। इसके साथ ही सरंपचो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराने वाले दो सरंपचो को नोटिस दिए गए है।

दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विगत दिनो सोवत और सोनेरा का निरीक्षण किया गया था, जहां पर कई कमियां पाई गई थी, जिसके चलते यह नोटिस जारी किए गए है।

**इनको मिले नोटिस:**
कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा आंगनबाडी केन्द्र सोवत प्रथम, सोवत द्वितीय, सोनेरा प्रथम, मसीदपुर का औचक निरीक्षण के दौरान कमियों पाये जाने पर परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर ग्रामीण जितेन्द्र कुमार तिवारी एवं पर्यवेक्षक सेक्टर सेमराहाट एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर ग्रामीण ममता शर्मा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय मसीदपुर के प्राचार्य को श्याम रघुवंशी नोटिस जारी किए गए है। इसकेअ लााव ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध न कराने पर सरपंच ग्राम पंचायत सोनेरा रामकिशन एवं सरपंच ग्राम पंचायत सोवत जितेन्द्र सिंह रघुवंशी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। इसके साथ बीएसी और सीएसी की एक एक वेतन वृद्धि रोकी गई है।

# महिला मोर्चा ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

**पीएम की मां पर की गई अशोभनीय टिप्पणी**

**टिप्पणी के दौरान मौजूद थे राहुल गांधी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बिहार में कांग्रेस पार्टी की चुनावी रैली के दौरान एक कार्यकर्ता द्वारा राहुल गांधी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां पर मंच से हुई अशोभनीय टिप्पणी, अभद्र वक्तव्य के विरोध में भाजपा जिला महिला मोर्चा के नेतृत्व में सोमवार को स्थानीय तुलसी पार्क से गांधी पार्क तक आक्रोश रैली निकाली गई, इसके बाद गांधी पार्क पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि



इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए देश की मातृशक्ति से माफी मांगने की मांग की। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री की मां के बारे में की गई टिप्पणी देश की मातृशक्ति का घोर अपमान है, इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। इसके लिए उन्हें देश की मातृशक्ति से माफी मांगना चाहिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, जिला महामंत्री नंदलाल यादव रविंद्र लोधी, मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष संदीप रघुवंशी, आलोक शर्मा, राजकुमार रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# महिलाओं और बच्चों ने परखा अपना ज्ञान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान महाराष्ट्र समाज द्वारा स्थानीय माधव भवन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। रविवार को समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने ज्ञान को परखा, इस दौरान समसामयिक विषयों पर जानकारी के अलावा राजनीतिक, रामायण पर आधारित धार्मिक, एवं जिले, प्रदेश की भौगोलिक स्थिति से संबंधित सवाल पूछे गए। इस दौरान सभी ने अपने बौद्धिक स्तर से प्रश्नों के उत्तर लिखें। इस प्रतियोगिता के आयोजन मनीष वैद्य थे। इसके पूर्व शाम को श्री गणपति जी की पूजन अर्चन आरती में अभय खैर, रविंद्र बापट, समाज के अन्य लोगों ने सहयोग किया। तत्पश्चात संस्कृत कार्यक्रम शुरू हुए। समाज के



अध्यक्ष प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान नगर का माहौल धर्म मय है, महाराष्ट्र समाज भी इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी निभा रही है, उन्होंने कहा कि आज की प्रतियोगिता में समाज की महिलाओं, विशेष कर बच्चों ने सामान्य ज्ञान से अपने बौद्धिक स्तर को परखा, आगे भी अन्य कार्यक्रम जारी रहेंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के बाद सुडुको प्रतियोगिता हुई, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने सहभागिता की, इसमें गणित के आधार पर वर्गाकार टेबल में बने चौखाने में अंक भरने पर चारों तरफ से संख्या का योग सामान आना चाहिए साथ ही सम विषम संख्याओं को इस तरह से भरना चाहिए जिससे उनका भी योग सामान रहे। यह भी लगभग स्वयं के बौद्धिक स्तर को परखने का जरिया है। और यह खेल हर वर्ग में लोकप्रिय है।

**धर्मसभा**

## संस्कार शिविर को मुनि पुगव श्री सुधा सागर ने किया संबोधित

# क्रोध, मान, माया और लाभ ये चार कषाय मनुष्य के जीवन को कर देते हैं खराब

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सबसे पहले विचार किया जाता है कि हमारे जीवन को गन्दा कौन कर रहा है, अपने जीवन को गन्दा करने वाली चार कषाय क्रोध, मान, माया और लोभ है, जब कोई चीज घुल मिल गए तो निकालना बहुत मुश्किल होता है। ये चार कषाय हमारे जीवन में दूध में पानी की तरह मिल गई इनसे उपजा पाप जब कर्म के रूप में उदय में आता हैं तो सहन नहीं होता ज्ञान ही कषाय रूप हो जाएं जिस समय आत्मा जैसे भाव करता है वैसे ही आत्मा हो जाती है। संसार में इतना अभ्यास हो गया कोई भी अपना मिलते ही राग उमड़ पड़ता है जबकि वैराग्य होना चाहिए। वैराग्य की चर्चा नहीं सहज वैराग्य होना चाहिए, क्षमा की चर्चा नहीं उत्तम क्षमा की बात कही गई है। संसार में रहकर संसार से ऊपर उठना है व्यापार करते हुए भी व्यापार से ऊपर उठना है उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर की विशाल सभा को



संबोधित करते हुए मुनि पुगवश्री सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर में कल धूप दशमी का दिन बहुत विशेष होगा। जिसमें शिविर्थीयों द्वारा 10 हजार दीपों से महाआरती की जावेगी।

**निकाली जाएगी शोभायात्रा :**
धूप दशमी महा पर्व पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में एवं अरिहंत गुप के संयोजक द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो दोपहर को सुभाष गंज जैन मन्दिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते विभिन्न मंदिरों पर पहुंचेगी, जहां पर धूप समर्पित की जायेगी।

**लड़ाई भी बराबरी वालो से करना चाहिए :**
उन्होंने कहा कि आचार्य के साथ महाराष्ट्र की ओर 1980मे विहार कर रहे थे आचार्य से किसी बच्चे ने नंगा कह दिया हम क्षुल्लक थे हमने उससे कहा दिया तू भी नंगा हैं वह रोने लगा। इस इस पर आचार्यश्री ने कहा कि तुम महाराज हो वो बालक है बड़ों को छोटों के मुंह नहीं लगना पूज्य गुरुदेव ने कहा कि क्या बात कर रहे हो अपने वरावरी वाले से बात करनी चाहिए। आचार्यश्री ने दो मिनट तक समझाया वह बात हमारे लिए मंत्र बना लिया, किसी ने गाली दे दी तो दो मिनट देखना बराबरी वाल से बात करो जगत में जीना है तो क्या वह तुम्हारी बराबरी वाला है। आओ मेरे पास सत्य का पिटारा है तत्व चर्चा किस्से करे सम्यक दृष्टि से बात करें दो ज्ञानी उलझ जाये तो दो मिनट में सुलझ जातें हैं ज्ञानी और अज्ञानी उलझ गए तो कभी नहीं सुलझ सकते है।

# चंदेरी विकासखंड के सिंहपुर ताल में 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' के तहत कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** शिक्षक संघ की मांग अनुसार शासन द्वारा प्रत्येक विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जन प्रतिनिधिजन के साथ मिलकर शिक्षक संघ द्वारा निर्धारित संकल्प पत्र का वाचन कर संकल्प लिया गया। इस संकल्प में विद्यार्थी एवं शिक्षक विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखने हेतु, विद्यालय की संपदा, संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानते हुए उनके संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग की, भेदभाव रहित भावना के साथ समभाव से सीखने और सिखाने के पद पर अग्रसर होने, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्म विकास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करने एवं विद्यालय को केवल एक संस्था



नहीं अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर ताल विकासखंड चंदेरी पर हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है का संकल्प लिया गया। जिसमें शाला के प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा, प्रा.वि.प्रधानाध्यापक शोभना शेषा, शिक्षक देवेंद्र सिंह परमार, मुकेश राव एवं ब्लॉक अध्यक्ष मप्र शिक्षक संघ अटल बिहारी तिवारी सम्मिलित रहे। व्यक्तिगत मांगों से परे शिक्षा, शिक्षक और शाला के स्वाभिमान हितार्थ शासन द्वारा आयोजित बृहद स्तरीय कार्यक्रम के लिए शिक्षक संघ की ओर से धन्यवाद सादर प्रेषित। इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में संस्कृतिक ज्ञान, संस्कार एवं राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास होता है। अत: वर्ष में कम से कम एक बार आवश्यक रूप से ऐसा कार्यक्रम होना चाहिए।